नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 01.04.2014 से 31.03.2016

1 (क) प्रारम्भिकः–

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) मे संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की **अधिसूचना संख्याः 1–376/81–फिन(एल0ए0)–खण्ड–4, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा** परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अवधि 01.04.2014 से 31.03.2016 तक का अंकेक्षण कार्य किया गया।

अंकेक्षण अवधि 04/2014 से 03/2016 के दौरान नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर के प्रधान तथा सचिव निम्नानुसार थेः–

प्रधानः

क्र0 सं0	नाम	अवधि
1.	श्री दिनेश आर्य	01.04.2014 से 01.02.2016
2.	श्री सतीश कुमार	02.02.2016 से 31.03.2016

सचिवः

क्र0 सं0	नाम	अवधि
1.	श्री बी0आर0 नेगी	01.04.2014 से 01.05.2015
2.	श्री कपिल तोमर, तहसीलदार (राजस्व), अतिरिक्त प्रभार	02.05.2015 से 31.03.2016

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के अवधि 1.4.2014 से 31.3.2016 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार है :–

क्र0 सं0	गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त सार	पैरा सं0	राशि लाखों में
1.	वर्ष 2014–15 से पूर्व प्राप्त अनुदान का उपयोग करने में विफलता	7	0.50
2.	पिछड़ा क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान राशि का उपयोग करने में विफलता	8	9.80
3.	बचत खाता संख्या 201 में जमा राशि के सन्दर्भ में अभिलेख का उपलब्ध न होना	13	3.89
4.	नगर पंचायत कर्मचारियों के सन्दर्भ में चलाए जा रहे/गिरवी करवाए गए खातों में जमा राशि का अभिलेख उपलब्ध न होना	14	18.99
5.	कालातीत प्रतिभूति राशियों को जब्त न करना	15	0.69
6.	गृहकर की वसूली न किया जाना	17	59.02
7.	मोबाइल फोन टॉवरों की नवीनीकरण शुल्क की वसूली न किया जाना	19	0.70
8.	नगर पंचायत क्षेत्र के अन्दर स्थित होटलों तथा गैस्ट हाउसों से नियमानुसार गृहकर की वसूली न करना	21	––
9.	हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड से पंचायत क्षेत्र में उपयोग बिजली पर प्राप्य कर की वसूली न करना	22	––
10.	दुकानों के किराए के वसूली न करना	23	1.71
11.	ठेकेदार से काटे गए बिक्रीकर की राशि से अधिक राशि को कोषागार में जमा करवाना	40	0.06
12.	ठेकेदार से काटे गए आयकर, बिक्रीकर व लेबर सैस की राशि को सम्बन्धित विभागों के पास जमा न करवाना	41	0.07
13.	अंकेक्षणावधि के दौरान लेबर सैस की राशि को ठेकेदारों से कटौती के उरान्त भी सम्बन्धित विभाग को जमा न करवाना	42	0.99

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में लम्बित पैरों में से जिनके सटिप्पण उत्तर नगर पंचायत द्वारा तैयार किए गए थे उनकी वर्तमान अंकेक्षण के दौरान समीक्षा एवं अभिलेखों की पड़ताल उपरान्त प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया गया शेष अनिर्णीत पैरों पर नगर पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है जो कि अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके। पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट '1'** में दर्शाई गई है।

2 वर्तमान अंकेक्षणः–

नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के अवधि 4/2014 से 3/2016 तक का वर्तमान लेखा परीक्षण एवं निरीक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में समाविष्ट किए गए है श्री दिनेश चन्द्र लखनपाल, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 9.1.2017 से 08.03.2017 तक नगर पंचायत कार्यालय में किया गया। विस्तृत जांच हेतु निम्न विवरणानुसार महीनों का चयन किया गयाः–

अवधि	**चयनित मास**	
	आय	**व्यय**
2014–15	07/2014,	01/2015
2015–16	07/2015,	03/2016

यहां पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वर्तमान अवधि 1.4.2014 से 31.3.2016 के लेखों का अंकेक्षण नगर पंचायत कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख एवं सूचनाओं के आधार पर किया गया व अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण तदानुसार ही किया गया है। किसी प्रकार की अधूरी सूचना या छुपाई गई सूचना के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा क्योंकि लेखों का परीक्षण एवं निरीक्षण चयनित मासों तक ही सीमित रखा गया है।

3 अंकेक्षण शुल्कः–

नगर पंचायत राजगढ़ के अवधि 04/14 से 03/16 के लेखाओं का अंकेक्षण करने का अंकेक्षण शुल्क ₹29000/– बनता है। अनुभाग अधिकारी की अधियाचना संख्या अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी/2017/–41 दिनांकः 08–03–2017 द्वारा सचिव, नगर पंचायत राजगढ़ को उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित मल्टीसिटी चैक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को प्राथमिकता के आधार पर भेजने हेतु आग्रह किया गया है।

4 (क) वित्तीय स्थितिः–

नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हि0प्र0 की वर्षवार वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–2 (क) व (ख) तथा परिशिष्ट–3** में भी दिया गया है:–

नगर पंचायत राजगढ़, जिला सिरमौर, हि0प0 की वर्षवार वित्तीय स्थिति

मद	प्रारम्भिक शेष	आय, प्राप्तियाँ व ब्याज	कुल योग	व्यय	अन्त शेष
		2014–15			
स्वयँ संसाधन	504750	1403534	1908284	1553267	355017
अनुदान	5422393	7363999	12786392	8430867	4355525
कुल योग	**5927143**	**8767533**	**14694676**	**9984134**	**4710542**
		2015–16			
स्वयँ संसाधन	355017	6172357	6527374	5455563	1071811
अनुदान	4355525	6330633	10686158	6489987	4196171
कुल योग	**4710542**	**12502990**	**17213532**	**11945550**	**5267982**

वित्तीय स्थिति के सन्दर्भ में विशेष अंकेक्षण टिप्पणियाँः–

1 वर्ष 2014–15 में वित्तीय स्थिति का प्रारम्भिक शेष गत अंकेक्षण प्रतवेदन के पैरा 4(ख) में दर्शाई गई बैंक समाधान विवरणी में की गई समायोजन प्रविष्टियों उपरान्त दिनांक 31–03–2014 को रोकड़ बही तथा बैंक शेष के किए गए मिलान के अनुसार लिया गया है।

2 गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 4(ख) में दर्शाई गई समायोजन प्रविष्टियों के सन्दर्भ में अभी तक अनुपालना करते हुए किसी प्रकार की सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है जो कि अति गम्भीर विषय है क्योंकि इन समायोजन प्रविष्टियों के सन्दर्भ में अनुपालना न किए जाने के कारण नगर पंचायत राजगढ़ के लेखे सम्पूर्ण, सही तथा निष्पक्ष वस्तुस्थिति प्रस्तुत नहीं करते हैं। अतः प्राथमिकता के आधार पर इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

3 उपरोक्त वित्तीय स्थिति में हि0प्र0रा0स0 बैंक राजगढ़ के बचत खाता संख्या 56310104620 के शेष को शामिल नहीं किया गया है तथा इसकी वित्तीय स्थिति अलग से आगामी पैरा संख्या 12 में दर्शाई गई है। जबकि नगर पंचायत द्वारा इस खाते के दिनांक 31–03–2016 के ₹69482/– के अन्त शेष को मुख्य रोकड़ बही का ही भाग बनाया गया है।

4 नगर पंचायत राजगढ़ द्वारा विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान तथा स्वयँ संसाधनों से सम्बन्धित आय तथा व्यय इत्यादि का अभिलेख रखने के लिए कोई वर्गीकृत

सार अथवा लैजर तैयार नहीं किया गया है जिसके परिणामस्वरूप नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि की कुल आय तथा कुल व्यय के आंकड़ों में से विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत प्राप्त अनुदानों के आय तथा व्यय को क्रमशः नगर पंचायत की कुल आय तथा व्यय में से घटा कर शेष राशियों को उक्त विवरणानुसार स्वयं संसाधनों से सम्बन्धित वित्तीय स्थिति को दर्शाया गया है। इस प्रकार स्वयं संसाधनों की आय तथा व्यय से सम्बन्धित अभिलेख न रखने के परिणामस्वरूप उक्त प्रक्रिया द्वारा स्वयं संसाधनों की वित्तीय स्थिति में आंकड़ों को दर्शाने के कारण यहां एक ओर आंकड़ों के सही होने की पुष्टि नही की जा सकी वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत की रोकड़ बही तथा बैंक शेषों का भी ठीक ढंग से मिलान नहीं किया जा सका। नगर पंचायत द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर तथा उनके द्वारा दी गई सूचना के आधार पर अंकेक्षण द्वारा नगर पंचायत के कर्मचारियों के सहयोग से उपरोक्त वित्तीय स्थिति तैयार की गई है।

(ख) बैंक समाधान विवरणीः–

नगर पंचायत राजगढ़ की निधियों की दिनांक 31–03–2016 को बैंक समाधान विवरणी निम्न प्रकार से हैः–

रोकड़ बही व वित्तीय स्थिति अनुसार दिनांक 31–03–2016 का अन्त शेषः			**52,67,982.00**
दिनांक 31–03–2016 को नगर पंचायत राजगढ़ के बैंक खातों का विवरणः–			
क्र	**मद**	**बचत खाते का विवरण**	**दिनांक 31–03–2016 का अन्त शेष**
1	मुख्य रोकड़ बही	यूको बैंक राजगढ़ बचत खाता संख्या 9674	6,11,677.00
		हि0प्र0रा0 सह बैंक राजगढ़ बचत खाता संख्या 2122	29,88,893.00
		पंजाब नैशनल बैंक राजगढ़ बचत खाता संख्या 30865	18,00,000.00
2	एस जे एस आर वाई रोकड़ बही	हि0प्र0रा0 सह बैंक राजगढ़ बचत खाता संख्या 5101	51,148.00
बैंक खातों का 31–03–2016 को पास बुक अनुसार कुल शेषः			**54,51,718.00**
रोकड़ बही व वित्तीय स्थिति अनुसार दिनांक 31–03–2016 का अन्त शेषः			**52,67,982.00**
रोकड़ बही व बैंक खातों के दिनांक 31–03–2016 के अन्त शेष में अन्तरः			**1,83,736.00**
अन्तर का कारणः–			
जारी चैक जो भुगतान हेतु बैंक में 31–03–2016 तक प्रस्तुत नहीं किए गए थे (विस्तृत विवरण निम्न तालिका में दिया गया है):			**1,83,736.00**

जारी चैक जो भुगतान हेतु बैंक में 31–03–2016 तक प्रस्तुत नहीं किए गए का विवरणः

क्र•	चैक संख्या	दिनांक	बैंक	राशि
1	895090	1.1.16	यूको बैंक	2000
2	669428	1.2.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	200
3	669444	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	82461
4	669445	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	17778
5	669446	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	7050
6	669447	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	44000
7	669448	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	2769
8	669449	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	2212
9	669450	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	220
10	895137	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	2500
11	895138	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	2000
12	895139	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	1000
13	895140	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	1000
14	895141	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	1000
15	895142	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	1000
16	895143	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	1000
17	895144	31.3.16	हि0प्र0रा0सह0 बैंक	15546
			कुल योग	**183736**

5 अनुदानः–

अंकेक्षण अवधि में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत नगर पंचायत द्वारा प्राप्त अनुदान राशियों तथा उनके उपभोग का समेकित वर्षवार ब्यौरा निम्न तालिका में तथा विस्तृत ब्यौरा **परिशिष्ट–3** में दिया गया हैः–

वर्ष	प्रारम्भिक शेष	प्राप्तियां	कुल योग	व्यय	अन्त शेष
2014–2015	5422393	7363999	12786392	8430867	4355525
2015–2016	4355525	6330633	10686158	6489987	4196171

6 सरकारी अनुदान की राशियों का सर्वोत्तम उपयोग करने में विफलताः–

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से यह स्वतः स्पष्ट हो जाता है कि प्रतिवर्ष चालीस लाख रुपयों से अधिक की राशि नगर पंचायत के पास प्राप्त अनुदानों में से बिना व्यय किए

शेष में पड़ी है। प्रतिवर्ष कुल प्राप्त अनुदान का लगभग 60% से अधिक हिस्सा व्यय किए बिना रह जाता है जो यह परिलक्षित करता है कि नगर पंचायत इन अनुदानों का सर्वोत्तम उपयोग करने में विफल रही है तथा वित्तीय प्रबन्धन में तुरन्त सुधार लाए जाने की आवश्यकता है। नगर पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्तों के अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था, जबकि नगर पंचायत द्वारा अनुदान की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से नागरिकों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। अतः अनुदान की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यर्पण सम्बन्धित संस्था को किया जाए। इसके अतिरिक्त भविष्य हेतु यह सुझाव दिया जाता है कि नगर पंचायत के वित्तीय में प्रबन्धन को और मजबूत करते हुए प्राप्त अनुदानों का सही तथा उचित समय के अन्दर उपयोग करना सुनिश्चित किया जाए।

7 वर्ष 2014–15 से पूर्व प्राप्त ₹0.50 लाख के अनुदान का उपयोग करने में विफलताः–

वर्ष 2013–14 में ₹50,000/– क्रिकेट मैदान के विकास हेतु जिलाधीश, सिरमौर के कार्यालय से पत्र क्रमांकः सिरमौर/योजना/एस डी पी–88182 दिनांक 7–12–2013 से प्राप्त हुए थे। परन्तु नगर पंचायत तीन वर्ष बीतने के उपरान्त भी 31–03–2016 तक इस राशि का किसी भी प्रकार का उपयोग नहीं कर पाई है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तुरन्त इस राशि के उचित उपयोग हेतु प्रभावी कदम उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

8 पिछड़ा क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान ₹9.80 लाख का उपयोग करने में विफलताः–

दिनांक 31–03–2016 को नगर पंचायत निधि में ₹9,80,468 पिछड़ा क्षेत्र विकास निधि (Backward Region Grant Fund) की मद में शेष पड़ी थी। इसमें से ₹2,41,468/– वर्ष 2014–15 से पूर्व का शेष हैं तथा ₹7,39,000/– वर्ष 2014–15 में पत्र क्रमांकः एस.एम.आर. (जैड.पी.)–बी.आर.जी.एफ.(एम.सी.–एन.ए.सी.–राज)2014–15–1282 दिनांक 21–10–2014 से प्राप्त हुए हैं। परन्तु नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षणावधि के दो वर्षों के दौरान इसमें से एक भी रुपया खर्च नहीं किया गया है जो कि बहुत ही चिंतनीय है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तुरन्त इस राशि के उचित उपयोग हेतु प्रभावी कदम उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–35 दिनांकः 25/03/2017 द्वारा सचिव, नगर

पंचायत से अनुरोध किया गया था परन्तु जिसके सन्दर्भ में कोई उत्तर नहीं दिया गया है। अतः अब इस बारे में वस्तुस्थिति तथ्यों सहित स्पष्ट करते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस अनुदान राशि को निर्धारित लक्ष्य पर तय समयसीमा में व्यय करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

9 अनुदान रजिस्टर का अधूरा अनुरक्षणः–

नगर पंचायत राजगढ़ में लेखाओं के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अनुदान रजिस्टर में प्राप्त अनुदानों का पूर्ण ब्यौरा दर्ज नहीं किया गया है। इसमें मात्र अनुदान की प्राप्ति के संदर्भ में ही प्रविष्टि की जाती है तथा इसमें से वर्ष विशेष के दौरान व्यय की गई राशि तथा वर्षान्त शेष के लिए प्रविष्टि व गणना नहीं की जाती है। इस अधूरे ब्यौरे के कारण इस अभिलेख के अनुरक्षण का उद्देश्य विफल हो जाता है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त भविष्य हेतु अनुदान रजिस्टर में आरम्भिक शेष, वर्ष के दौरान प्राप्ति, व्यय तथा अन्त शेष का सम्पूर्ण ब्यौरा दर्ज किया जाना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

10 निवेशः–

अंकेक्षण अवधि 1.4.2014 से 31.3.2016 के दौरान नगर पंचायत द्वारा निधियों में से कोई भी राशि सावधि जमा में निवेश नहीं की गई थी जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि निधियों में इतना बकाया तो उपलब्ध था यदि उसमें से कुछ राशि को अल्पावधि सावधि जमा में निवेश किया जाता तो ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त होती। अतः भविष्य में इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाए।

11 सावधि निवेश से प्राप्त हो सकने वाले अतिरिक्त ब्याज की हानिः–

गत अनुच्छेद में वर्णित राशियों तथा व्यय के लेन देन की संख्या (number of transactions) के आंकड़ों के विश्लेषण से यह स्वतः स्पष्ट हो जाता है कि इन राशियों में से सामयिक आवश्यकता की राशि के अतिरिक्त उपलब्ध राशि को अल्पावधि सावधि में निवेश किया जाता तो निश्चित रुप से बचत बैंक खाते के मुकाबले अधिक ब्याज कमाया जा सकता था। परन्तु नगर पंचायत द्वारा यह राशियाँ केवल बैंक बचत खातों में रखने के परिणामस्वरुप ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय से वंचित होना पड़ा है, जोकि समुचित वित्तीय प्रबन्धन के अभाव को परिलक्षित करता है। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सामयिक आवश्यकताओं हेतु समुचित राशि को बचत खाते में छोड़कर उपलब्ध शेष को अल्पावधि सावधि जमा में निवेशित करना सुनिश्चित किया जाए ताकि नगर पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

12 दिनांक 31–03–2016 को ₹0.69 लाख के शेष के साथ अप्रयुक्त बचत खाता संख्याः 4620 का संचालन करनाः–

नगर पंचायत की मुख्य रोकड़ बही की जांच में पाया गया कि प्रतिमाह बैंक शेष में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में बचत खाता संख्याः 4620 का शेष भी दर्शाया जाता है जो कि दिनांक 31–03–2016 को ₹69482 है। यह खाता तथाकथित रूप से प्रतिभूति राशियों को जमा करने के लिए प्रयोग किया जाता था परन्तु अंकेक्षण के दौरान इससे सम्बन्धित किसी प्रकार का अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकरण को गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी उठाया जाता रहा है परन्तु इस अभिलेख को वर्तमान अंकेक्षण के दौरान भी नगर पंचायत द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। यद्यपि अंकेक्षण द्वारा गत प्रतिवेदन अवधि 04/2011 से 03/2014 के पैरा संख्याः 4(ड•) को समायोजित करके वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित कर दिया गया है तदापि उक्त प्रतिभूति रोकड़ बही तथा सम्बन्धित अभिलेख को प्रस्तुत न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

वर्ष	आरम्भिक शेष	आय	योग	व्यय	अन्तिम शेष
2014–15	64184	2593	66777	...	66777
2015–16	66777	2705	69482	...	69482

13 दिनांक 31–03–2016 को ₹3.89 लाख के शेष के साथ अप्रयुक्त बचत खाता संख्याः 201 का संचालन करनाः–

नगर पंचायत के बैंक खातों की जांच के दौरान पाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक राजगढ़ में बचत खाता संख्याः 201 का संचालन भी किया जा रहा है जिसमें दिनांक 31–03–2016 को ₹3,89,117 शेष थी। पास बुक के ऊपर लिखे विवरण के अनुसार यह खाता तथाकथित रूप से कर्मचारी अंशदान की राशियों को जमा करने के लिए प्रयोग किया जाता है परन्तु अंकेक्षणावधि के दौरान इस खाते में किसी प्रकार का लेनदेन नहीं किया गया था। इस खाते से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का अन्य अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे इस खाते के संचालन के उद्देश्य की पुष्टि की जा सके। इस कारण से इस खाते की वास्तविकता अथवा इसमें नगर पंचायत कर्मचारियों का कौन सा अंशदान जमा करवाया गया है के बारे में अंकेक्षण के दौरान कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस सन्दर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव नगर पंचायत से अंकेक्षण अधियाना संख्याः संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–35 दिनांकः 25/02/2017 द्वारा अनुरोध किया गया था जिसका प्रत्युत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्रस्तुत नहीं किया गया था। अतः अब इस खाते के बारे में सम्पूर्ण वस्तुस्थिति तथ्यों सहित स्पष्ट करते हुए इस

खाते में जमा राशि का ब्यौरा तैयार किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

14 नगर पंचायत कर्मचारियों के सन्दर्भ में चलाए जा रहे/गिरवी करवाए गए खातों में जमा ₹18.99 लाख का अभिलेख उपलब्ध न होनाः–

नगर पंचायत के लेखाओं की जाँच में पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमास की जाने वाली ग्रैच्यूटि पैन्शन फण्ड, अंशदायी पैन्शन फण्ड, सामान्य भविष्य निधि खाता इत्यादि से सम्बन्धित कटौतियां बैंक में जमा करवाने के लिए सात खाते खोले गए हैं जो या तो सचिव नगर पंचायत के पदनाम से हैं अथवा कर्मचारियों के नाम खुलवा कर सचिव के नाम से गिरवी रखे गए हैं। इन खातों में दिनांक 31–03–2016 को '**परिशिष्ट–4**' में समूह '3' के अन्तर्गत दिए गए विवरणानुसार ₹18,98,898/– जमा हैं। इन खातों के सन्दर्भ में निम्नलिखित त्रुटियां पाई गई हैंः–

1 हिमाचल प्रदेश नगरपालिका लेखा संहिता 1975 के अध्याय 14 में नियम 213 से 227 तक में दिए गए प्रावधानों में नगर पंचायत कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमास भविष्य निधि से सम्बन्धित की जाने वाली कटौतियों व आहरण की कार्यपद्धति, लेखांकन के नियम व प्रारूप आदि प्रतिपादित किए गए हैं। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया इस मद से सम्बन्धित लगभग किसी भी नियम की अनुपालना नहीं की जा रही है।

2 हिमाचल प्रदेश नगरपालिका लेखा संहिता 1975 के अध्याय 14 में नियम 213 से 227 तक में प्रावधित भविष्य निधि खातों के सन्दर्भ में प्रारूप पी• एफ• 7–1 से पी• एफ• 12 में बनाए जाने वाले खातों/लैजर का नगर पंचायत द्वारा अनुरक्षण नहीं किया गया है।

3 उपरोक्त अभिलेख के अभाव में की गई कटौतियों की गणना, उनके लेखांकन, बैंक में जमा करवाया जाना, इन खातों पर दिया गया ब्याज तथा आहरण इत्यादि की अंकेक्षण के दौरान पुष्टि व जाँच नहीं की जा सकी है।

4 इसी अभिलेख के अभाव में गत पैरा 13 में वर्णित बैंक खाता संख्या 201 में जमा राशि की पुष्टि तथा इसे खोले जाने का उद्देश्य अंकेक्षण के दौरान स्पष्ट नहीं हो पाया है।

अतः अब इस अभिलेख का अनुरक्षण न किए जाने के बारे में सम्पूर्ण वस्तुस्थिति तथ्यों सहित स्पष्ट करते हुए इसे भविष्य हेतु तैयार किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

15 कालातीत प्रतिभूति राशियों को जब्त न करने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पिछले कई वर्षों (लगभग दस) से हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के बचत खाता संख्याः 4620 में किसी प्रकार का लेनदेन नहीं किया गया है तथा पास बुक व गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अवलोकन से भी स्पष्ट होता है कि यदि इस खाते का प्रयोग प्रतिभूति राशियों को जमा करने के लिए ही किया भी जाता

था तो इस में जमा प्रतिभूतियां अब नियमानुसार कालातीत हो चुकी हैं। इस प्रकार इस खाते में दिनांक 31–03–2016 को शेष ₹69482/– कालातीत प्रतिभूतियों तथा उन पर पाए गए ब्याज की है। अतः इन कालातीत प्रतिभूतियों के बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करते हुए कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

16 प्रतिभूति रजिस्टर का रख–रखाव न करनाः–

नगर पंचायत राजगढ़ के लेखों अवधि 04/2014 से 03/2016 की जाँच के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा निष्पादित करवाए गए निर्माण कार्यों के बिलों का भुगतान करते समय नियमानुसार निर्धारित दर से प्रतिभूती राशि तय समयसीमा के लिए रखती है। इसी प्रकार नगर पंचायत समय समय पर अपनी सम्पत्तियों/दुकानों को किराये पर देते समय भी प्रतिभूति राशि किरायेदारों से लेती है। यह प्रतिभूति राशियां पंचायत की देनदारियां हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत द्वारा बिजली, पानी व टेलीफोन कनैकशन प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित विभागों में जमा प्रतिभूतियां इसकी सम्पत्ति/लेनदारियां हैं। परन्तु नगर पंचायत द्वारा इन देनदारियों तथा लेनदारियों के लिए बनाया गया रजिस्टर/अभिलेख अपूर्ण जानकारी ही उपलब्ध करवाता है। इस रजिस्टर में मात्र सम्बन्धित व्यक्तियों को वापिस भुगतान की गई प्रतिभूति राशियों का ब्यौरा ही दिनांकवार रखा गया है तथा इसमें इन प्रतिभूतियों की प्राप्ति के सन्दर्भ में कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। इस कारण से नगर पंचायत द्वारा प्राप्त की जाने वाली व अदा की जाने वाली प्रतिभूति राशियों का तथा कुल देनदारी का ब्यौरा अंकेक्षण के दौरान प्राप्त नहीं किया जा सका है। इस अपूर्ण अभिलेख के कारण वापिस की जाने वाली प्रतिभूति राशि के दोहरे भुगतान की आशंका भी बनी रहती है। यह मामला अंकेक्षण द्वारा गत अंकेक्षणों के दौरान भी उठाया गया था तथा अंकेक्षण द्वारा प्रतिभूति रजिस्टर लगाने हेतु परामर्श दिया गया था परन्तु नगर पंचायत द्वारा इस सुझाव पर की गई कार्रवाई अभी भी अधूरी है। अतः नगर पंचायत को पुनः परामर्श दिया जाता है कि अनुरक्षित किए जा रहे प्रतिभूति रजिस्टर में प्राप्ति तथा भुगतान दोनो का सम्पूर्ण विवरण दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

17 ₹59.02 लाख के गृहकर की वसूली न करनाः–

अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–13 दिनांकः 27/01/2017 द्वारा सचिव नगर पंचायत से अंकेक्षणावधि के दौरान वसूल की गई गृहकर की राशि तथा वसूली हेतु शेष राशि का ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया था। इस अधियाचना के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत के कार्यालय पत्र संख्याः न0प0 राजगढ़/2017–74 दिनांक 22–02–2017 **(परिशिष्ट–5, क्रमांक 2)** द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार दिनांक 31–03–2016 को ₹59,02,491/– गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष थी।

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के नगर निकायों के स्वयं संसाधनों की आय का सबसे मुख्य साधन गृहकर है। संसाधनों की कमी से जूझती नगर पंचायत राजगढ़ के छोटे वित्तीय आकार/स्थिति को देखते हुए ₹5902491 का वसूली हेतु शेष पाया जाना एक बहुत ही गम्भीर तथा चिंतनीय विषय है। यह नगर पंचायत की कार्यप्रणाली में वित्तीय प्रबन्धन के सम्पूर्ण अभाव को दर्शाता है। अतः अब इस ₹59.02 लाख की शीघ्रातिशीघ्र वसूली हेतु हिमाचल प्रदेश नगरपलिका अधिनियम, 1994 के नियम 86 से 89 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त भविष्य में गृहकर की समय पर वसूली करना भी सुनिश्चित किया जाए।

18 गृहकर की बकाया राशि पर अधिभार न लगाने के कारण नगर पंचायत को हो रही वित्तीय हानिः–

गृहकर अभिलेखों की जांच करने पर अंकेक्षण में पाया गया की गृहकर दाताओं से निर्धारित समय अवधि पर कर की राशि जमा न करने पर नियमानुसार 20 प्रतिशत अधिभार की राशि वसूली जानी अपेक्षित थी लेकिन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा देरी से गृहकर चुकाने वालों से नियमानुसार अधिभार नहीं लिया गया है। जिस कारण परिषद को निरन्तर वित्तीय हानि उठानी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त अभिलेख की जांच में यह भी पाया गया है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा गृहकर की समय पर वसूली किए जाने के सन्दर्भ में किसी प्रकार का तन्त्र तैयार नहीं किया गया है तथा नागरिकों द्वारा गृहकर तभी जमा करवाया जाता है जब उन्हें किसी प्रकार अनापत्ति प्रमाणपत्र अथवा किसी अन्य अभिलेख की आवश्यकता पड़ती है। यह नगर पंचायत प्रशासन में वित्तीय सूझबूझ तथा प्रबन्धन के अभाव को दर्शाता है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए प्राथमिकता के आधार पर गृहकर की समय पर वसूली हेतु एक मजबूत तन्त्र विकसित किया जाए तथा अब तक उपरोक्त पैरा में वर्णित ₹59.02 लाख को नियमानुसार 20 प्रतिशत अधिभार के साथ वसूल करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

19 मोबाइल फोन टॉवरों की नवीनीकरण शुल्क की ₹0.70 लाख की वसूली न किया जानाः–

अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–13 दिनांकः 27/01/2017 द्वारा सचिव नगर पंचायत से अंकेक्षणावधि के दौरान मोबाइल फोन टॉवरों के स्थापना व नवीनीकरण शुल्क की वसूल की गई राशि तथा वसूली हेतु शेष राशि का ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया था। इस अधियाचना के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत के कार्यालय पत्र संख्याः न0पं0 राजगढ़/2017–74 दिनांक 22–02–2017 **(परिशिष्ट–5, क्रमांक 3)** द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार दिनांक 31–03–2016 को ₹70,000/– इस मद में भारत संचार निगम लि0 तथा रिलायंस कम्पनी से ₹35000/–

प्रत्येक कर दर से वसूली हेतु शेष है। संसाधनों की कमी से जूझती नगर पंचायत राजगढ़ द्वारा प्राप्य आय को समय पर वसूल न किया जाना एक बहुत ही गम्भीर तथा चिंतनीय विषय है तथा नगर पंचायत की कार्यप्रणाली में वित्तीय प्रबन्धन के अभाव को दर्शाता है। अतः अब इस ₹70000 की शीघ्रातिशीघ्र वसूली हेतु हिमाचल प्रदेश नगरपलिका अधिनियम, 1994 के नियम 86 से 89 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त भविष्य में मोबाइल टॉवरों के स्थापना/नवीनीकरण शुल्क की समय पर वसूली करना भी सुनिश्चित किया जाए।

20 मोबाईल टावरों से प्राप्त आय के अभिलेख को तैयार न करना :–

निदेशक, शहरी विकास, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्याः UDH(A)(7)1/2006-10396-10444] दिनांक 25.09.2006 के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित किए जाने वाले मोबाईल टावरों हेतु सम्बन्धित कम्पनी से ₹10,000/– प्रति मोबाईल टावर स्थापना शुल्क तथा ₹5,000/– प्रति टावर प्रतिवर्ष नवीनीकरण शुल्क प्राप्त किया जाना अपेक्षित था परन्तु गत अंकेक्षण के दौरान भी इस प्रकरण को उठाए जाने के बावजूद भी नगर पंचायत द्वारा अपने क्षेत्र में स्थापित मोबाईल टावरों से सम्बन्धित मांग व प्राप्ति रजिस्टर तैयार नहीं किया गया है जिसके अभाव में कम्पनी विशेष से प्राप्त हुई आय व बकाया राशि की जाँच नहीं की जा सकी। इस प्रकरण में गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी बार बार आपत्ति दर्ज किए जाने के पश्चात भी इस बारे में नगर पंचायत द्वारा कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। इस बारे में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–35 दिनांकः 25/02/2017 द्वारा सचिव, नगर पंचायत से अनुरोध किया गया था जिसके सन्दर्भ में अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं दिया गया है। अतः पुनः अंकेक्षण के सुझावानुसार कार्रवाई अमल में लाते हुए मोबाईल टावरों से प्राप्य शुल्क की सम्पूर्ण वसूली सुनिश्चित करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में स्थापित मोबाईल टावरों का सम्पूर्ण अभिलेख तैयार करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

21 नगर पंचायत क्षेत्र के अन्दर स्थित होटलों तथा गैस्ट हाउसों से नियमानुसार गृहकर की वसूली न करनाः–

हिमाचल प्रदेश नगरपलिका अधिनियम 1994 तथा निदेशक शहरी विकास विभाग द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पंचायत सीमाक्षेत्र में कार्यरत होटलों व गैस्ट हाउसों से किराए हेतु उपलब्ध कमरों पर 90 दिन की ऑक्यूपैंसी (Occupancy) के आधार पर 12.5 प्रतिशत की दर से गृहकर वसूल किया जाना अपेक्षित है। अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–13 दिनांकः 27/01/2017 द्वारा सचिव नगर पंचायत से अंकेक्षणावधि के दौरान होटलों व गैस्ट हाउसों से गई गृहकर की वसूल की गई राशि तथा वसूली हेतु शेष राशि का ब्यौरा प्रस्तुत करने

हेतु अनुरोध किया गया था। इस अधियाचना के प्रत्युत्तर में सचिव नगर पंचायत के कार्यालय पत्र संख्याः न•प• राजगढ़/2017–74 दिनांक 22–02–2017**(परिशिष्ट–5,क्रमांक 1)** द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार अंकेक्षणावधि के दौरान नगर पंचायत द्वारा इस मद में किसी प्रकार की वसूली नहीं की गई है। मात्र इतना ही नहीं बल्कि नगर पंचायत के पास इस बारे में भी कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है कि वर्तमान में इसके सीमा़क्षेत्र में कितने तथा कब से होटल व गैस्ट हाउस व्यवसाय कर रहे है। साधनों की कमी से जूझती नगर पंचायत राजगढ़ द्वारा प्राप्य आय के इस महत्वपूर्ण संसाधन का दोहन न किया जाना एक बहुत ही गम्भीर तथा चिंतनीय विषय है तथा नगर पंचायत की कार्यप्रणाली में वित्तीय प्रबन्धन के अभाव को दर्शाता है। अतः अब इस सन्दर्भ में सम्पूर्ण विवरण तैयार करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत समस्त होटलों व गैस्ट हाउसों से उनकी स्थापना के समय से प्राप्य गृहकर का निर्धारण करके पूर्ण राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली हेतु हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 के नियम 86 से 89 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

22 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड से पंचायत क्षेत्र में उपयोग बिजली पर प्राप्य कर की वसूली न करना :–

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 66(1)viii के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र की सीमा के भीतर उपयोग की गई बिजली के प्रति युनिट पर एक पैसे की दर से अपेक्षित बिजली कर की वसूली राज्य विद्युत बोर्ड से नहीं की गई थी। जिसके कारण नगर पंचायत को लगातार हानि हो रही है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–35 दिनांकः 25/02/2017 द्वारा सचिव, नगर पंचायत से अनुरोध किया गया था जिसके सन्दर्भ में अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं दिया गया। गत अंकेक्षण के दौरान भी इस बारे में आपत्ति उठाई गई थी परन्तु नगर पंचायत द्वारा आय के इस महत्वपूर्ण स्त्रोत के दोहन के लिए अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जो कि बहुत ही चिंतनीय है। अतः पुनः यह प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है तथा अधिनियम के उपरोक्त प्रावधान के लागू होने के पश्चात अब तक नगर पंचायत क्षेत्र के अन्दर बिजली के उपयोग पर नियमानुसार प्राप्य आय की वसूली हेतु कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए।

23 दुकानों के किराए के रूप में ₹1.71 लाख वसूली हेतु शेष :–

नगर पंचायत की विभिन्न दुकानों से दिनांक 31.03.2016 को ₹1,71,217 वसूली हेतु शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **''परिशिष्ट–6''** पर संलग्न है। इस राशि को समय पर वसूल न किया जाना वित्तीय प्रबन्धन की कमी को दर्शाता है। इसका दूसरा कारण नगर

पंचायत की आय के सन्दर्भ में मांग व प्राप्ति रजिस्टर का अनुरक्षण न किया जाना भी है। अतः इस राशि की वसूली हेतु शीघ्र अतिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

24 दुकानों के किराये के इकरारनामें नहीं बनाए जाने बारेः–

नगर पंचायत राजगढ़ के लेखाओं की जांच के दौरान पाया गया कि **"परिशिष्ट–6"** पर संकलित विवरण के अनुसार दिनांक 31–03–2016 को नगर पंचायत द्वारा 14 दुकानें किराए पर दी गई हैं। परन्तु इन दुकानों को कई वर्षों से किराए पर देने के बावजूद भी अभी तक किराए पर दिए जाने की शर्तों के विवरण को स्पष्ट करते हुए किसी प्रकार के नियमानुसार इकरारनामें नहीं बनाए गए हैं। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–35 दिनांकः 25/02/2017 द्वारा सचिव, नगर पंचायत से अनुरोध किया गया था जिसके सन्दर्भ में अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं दिया गया है। अतः अब इस बारे में तथ्यपूरक तरीके से वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए तथा अविलम्ब इन दुकानदारों के साथ दुकानें किराए पर दिए जाने के समय से इकरारनामें बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएं।

25 नगर पंचायत के स्वयं संसाधनों को बढ़ाने तथा सुदृढ़ करने की आवश्यकताः–

वित्तीय स्थिति के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि नगर पंचायत राजगढ़ को अपनी आय के स्त्रोतों को बढ़ाने तथा सुदृढ़ करने हेतु तुरन्त प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। यदि आय के वर्तमान स्वंय संसाधनों का संलग्न वित्तीय स्थिति तथा आय व्यय के आंकड़ों में अवलोकन किया जाए तो स्पष्ट होता है कि अंकेक्षणावधि के दौरान नगर पंचायत अपने संसाधनों की आय से संस्थापना व्यय का भुगतान करने में भी सक्षम नहीं है जबकि इस अवधि के दौरान स्थाई सचिव के न होने से इसके वेतन का भुगतान इस व्यय में शामिल नहीं है। अतः नगर पंचायत को अपनी वर्तमान स्त्रोतों जैसे गृहकर, होटल/गैस्ट हाउस से व्यवसायिक दरों पर गृहकर, दुकानों का किराया तथा बिजली उपभोग पर उपकर आदि का सम्पूर्ण तथा समय पर दोहन करने के अतिरिक्त यदि संभव हो तो अपने स्वयं संसाधनों को सुदृढ़ करने हेतु आय के नये क्षेत्र जैसे वाहन पार्किंग इत्यादि के विकास पर भी विचार करना चाहिए।

26 नगर पंचायत की स्वयं संसाधनों की आय के लिए मांग व प्राप्ति रजिस्टर का अनुरक्षण न करनाः–

नगर पंचायत के स्वयं संसाधनों की आय से सम्बन्धित अभिलेख की जांच में पाया गया कि वर्तमान में नगर पंचायत को निम्नलिखित मदों में मुख्य रूप से आय प्राप्त हो रही हैः–

1 गृहकर

2 शराब बिक्री पर उपकर

3 नगर पंचायत की दुकानों से किराया

4 जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र तथा परिवार रजिस्टर नकल शुल्क

5 मकान नक्शा पास करने का शुल्क

6 बिजली पानी के कनैक्शन के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र शुल्क

7 मोबाईल टॉवरों पर स्थापना शुल्क तथा नवीनीकरण शुल्क

परन्तु अभिलेख की जांच में पाया गया कि इन मदों से प्रतिवर्ष प्राप्य आय के लिए हिमाचल प्रदेश नगर पालिका लेखा संहिता 1975 के नियम 115 से 117 में प्रावधित नियमानुसार प्रारूप टी0 एस0–5 में मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार नहीं किया गया है। जबकि उक्त नियमों के अनुसार इसका प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए अलग अलग अनुरक्षण किया जाना अपेक्षित है। इस अभिलेख के अभाव में अंकेक्षणावधि के लिए प्राप्य तथा वसूली हेतु शेष आय की अंकेक्षण के दौरान जांच नहीं की जा सकी है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त भविष्य हेतु नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

27 नियमानुसार संस्थापना व्यय रजिस्टर (Establishment Check/Pay Register) का निर्माण न करने बारेः–

अंकेक्षण अवधि के दौरान वेतन भुगतान की जांच पर पाया गया कि नगर पंचायत के कर्मचारियों को प्रदान किए जाने वाले वेतन भत्तों, बकाया राशि आदि के भुगतान का कोई समेकित ब्यौरा किसी संस्थापना व्यय रजिस्टर में नहीं रखा गया है जिसमें प्रतिमाह प्रविष्टियां की गई हों। यह एक गम्भीर चूक है तथा सचिव को सुझाव दिया जाता है कि इस रजिस्टर का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार करवाते हुए आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापन करवाएं तथा भविष्य में रजिस्टर का रख–रखाव सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

28 श्री घनश्याम शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता की सेवा पंजिका में अनियमित सेवा सत्यापनः–

श्री घनश्याम शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता अवधि 01–12–2015 से 28–03–2016 तक के दौरान नगर परिषद् रामपुर, जिला शिमला में तैनात थे। परन्तु उनकी सेवा पंजिका की जांच में पाया गया कि वार्षिक वेतनवृद्धि को जारी करने से पूर्व इस अवधि के लिए सेवा सत्यापन अनियमित रूप से सचिव, नगर पंचायत राजगढ़ द्वारा किया गया है। चूंकि इस अवधि का

सेवा सत्यापन नियमानुसार कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद् रामपुर द्वारा किया जाना अपेक्षित था, अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

29 श्रीमति विद्या देवी, कनिष्ठ सहायक के वेतन निर्धारण में त्रुटियांः–

श्रीमति विद्या देवी, कनिष्ठ सहायक की सेवा पंजिका की जांच के दौरान निम्नलिखित त्रुटियां पाई गई हैंः–

1 हिमाचल प्रदेश, वित्त विभाग की अधिसूचना संख्याः फिन(पी आर)बी(7)–64/2010 दिनांक 27–09–2012 के प्रावधानों के अनुसार श्रीमति विद्या देवी को दिनांक 01–10–2012 से वेतन पुर्नसंशोधन का लाभ देते हुए उनका वेतन ₹5910–20200+1900 ग्रेड पे में ₹8300/– मूल वेतन से संशोधित करते हुए ₹10300–34800+3200 ग्रेड पे में ₹13500/– (न्यूनतम) मूल वेतन पर निर्धारित की गई थी। मूल वेतन में हुए इस ₹5200/– के लाभ के दृष्टिगत उन्हें अगली वार्षिक वेतन वृद्धि दिनांक 01–10–2013 को दी जानी अपेक्षित थी परन्तु इसके स्थान पर इसे 01–12–2013 को दिया गया है।

2 गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2011 से 03/2014 के पैरा 11 में श्रीमति विद्या देवी की नियुक्ति के समय 09–12–2009 से ही गलत वेतन निर्धारण बारे आपत्ति उठाई गई थी जिसकी अनुपालना में अपेक्षित ₹4100/– की वसूली तो कर ली गई है परन्तु इसके अतिरिक्त सेवा पंजिका में वेतन निर्धारण प्रविष्टियों का पुर्नलेखन किया जाना भी अपेक्षित था जो कि नहीं किया गया है।

उपरोक्त त्रुटियों बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं. वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–36 दिनांकः 25/02/2017 द्वारा सचिव, नगर पंचायत से अनुरोध किया गया था जिसके सन्दर्भ में अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं दिया गया है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य हेतु नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

30 कर्मचारियों की सेवा पजिकाओं में वेतन निर्धारण का पुर्नलेखन न करनाः–

स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अवधि 04/2011 से 03/2014 तक के लिए किए गए गत अंकेक्षण के प्रतिवेदन के पैरा 7 से 11 में नगर पंचायत के कर्मचारियों के सन्दर्भ में समय–समय पर गलत वेतन निर्धारण बारे आपत्तियां उठाई गई थीं जिनकी अनुपालना में तत्कालीन अंकेक्षणोपरान्त अपेक्षित सुधार तो कर लिया गया है परन्तु इसके अतिरिक्त सेवा पंजिकाओं में उक्त गलतियों को किए जाने की दिनांक से वेतन निर्धारण प्रविष्टियों का पुर्नलेखन किया जाना भी अपेक्षित था जो कि नहीं किया गया है। इस चूक

के बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अं.वृ. बिलासपुर/एल.ए.डी./2017/–36 दिनांकः 25/02/2017 द्वारा सचिव, नगर पंचायत से कहा गया था जिसके सन्दर्भ में अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं दिया गया है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य हेतु नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

31 श्रीमति मीरा तोमर, सामुदायिक कार्यकर्ता के अवकाश खाते में पाई गई त्रुटियांः–

श्रीमति मीरा तोमर, सामुदायिक कार्यकर्ता की सेवा पंजिका की जांच के दौरान अवकाश खाते में निम्नलिखित त्रुटियां पाई गई हैंः–

1 दिनांक 10–07–2012 से 31–07–2012 तक के अस्वस्थता के आधार पर चिकित्सीय प्रमाणपत्र के साथ आवेदित 22 दिन के परिवर्तित अवकाश जिसके बदले 44 दिन का अर्धवेतन अवकाश काटा जाना अपेक्षित था के स्थान पर मात्र 21 दिन का अवकाश जिसके बदले 42 दिन का अर्धवेतन अवकाश दर्ज किया गया है।

2 अवधि 01–07–2012 से 31–12–2012 तक के 6 माह के लिए देय 10 दिन के अर्धवेतन अवकाश को खाते में दर्ज नहीं किया गया है।

अतः इन त्रुटियों को दूर करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

32 श्री प्रदीप कुमार, सेवादार के अवकाश खाते में पाई गई त्रुटियांः–

श्री प्रदीप कुमार, सेवादार की सेवा पंजिका की जांच के दौरान अवकाश खाते में निम्नलिखित त्रुटियां पाई गई हैंः–

